समाचार

# राजस्व मंत्री करेंगे विभिन्न कार्यो का लोकार्पण

## (वार्ड क. 10 सीतामणी में 02 जुलाई को सायं 04 बजे रखा गया कार्यक्रम)

कोरबा 01 जुलाई 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल शुक्रवार 02 जुलाई को वार्ड क. 10 सीतामणी में सायं 04 बजे आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्मित 02 सामुदायिक भवनों व 01 नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, वहीं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।